गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2020 28.01.2020

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

"डिजिटलीकरण में श्रेष्ठ तेल और गैस संगठनों के ज्ञान और अनुभव को साझा करने के लिए गेल द्वारा डिजिटल ट्रांस्फ़ार्मेशन पर औद्योगिक बैठक का आयोजन" से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है ।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है ।

सधन्यवाद,
भवदीय,

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक एजी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

डिजिटलीकरण में श्रेष्ठ तेल और गैस संगठनों के ज्ञान और अनुभव को साझा करने के लिए गेल द्वारा डिजिटल ट्रांस्फ़ार्मेशन पर औद्योगिक बैठक का आयोजन

नई दिल्ली, 27 जनवरी, 2020 : भारत की तेल और गैस कंपनियों के बीच सर्वश्रेष्ट डिजिटल तकनीकों के बारे में ज्ञान और अनुभव साझा करने की दृष्टि से, गेल (इंडिया) लिमिटेड ने आज डिजिटल ट्रांस्फ़ार्मेशन पर औद्योगिक बैठक का आयोजन किया।

औद्योगिक बैठक का उद्घाटन करते हुए गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आशुतोष कर्नाटक ने कहा, “डिजिटल यात्रा 2.0 का शुभारम्भ किया गया है। चलने और दौड़ने के दिन चले गए, यह तेज दौड़ने का भी समय नहीं है। अब हमें उड़ान भरनी है। आइये हम सभी इस डिजिटल यात्रा को आरम्भ करें। इसलिए डिजिटल सोचें और डिजिटल बनें।”

डिजिटल यात्रा में श्रेष्ठ संगठनों के ज्ञान और अनुभव से प्रतिभागियों को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से औद्योगिक बैठक का आयोजन किया गया था। यह औद्योगिक के साथ व्यक्तिगत संगठनों के पारस्परिक लाभ हेतु उभरती डिजिटल तकनीकों यथा- मशीन अध्ययन, विकसित विश्लेषण, क्लाउड, आईआईओटी और डिजिटल ट्विंस का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

डॉ. कर्नाटक ने कहा, “डिजिटल यात्रा को समावेशी बनाने की आवश्यकता है जहां हमें सभी संगठन को साथ लेकर चलना है। एक उद्योग के रूप में एक साथ काम करना हमारी डिजिटल यात्रा में अगली उपलब्धि है। यह वह समय है जब हमें एक साथ काम करना है और एक-दूसरे से सीखना है और अपनी डिजिटल यात्रा में आगे बढ़ना है।”

श्री ए के तिवारी, निदेशक (वित्त), गेल ने कहा कि वर्ष 2020 डिजिटलीकरण का युग होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल ट्रान्सफ़ार्मेशन परियोजनाओं को आरम्भ करने के लिए मौद्रिक आरओआई एकमात्र मेट्रिक नहीं हो सकता है। कार्य और जीवन के संतुलन में सुधार के वादे के साथ रणनीतिक और परिचालन प्रभाव, स्थिरता लक्ष्यों को भी डिजिटल पहल आरम्भ करने के लिए मापदंड होना चाहिए। उन्होंने डिजिटलीकरण के वास्तविक मूल्य को प्राप्त करने के लिए मजबूत साइबर सुरक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर श्री ए के तिवारी को डॉ. कर्नाटक द्वारा डिजिटल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड और गेल के प्रतिभागियों के एक पैनल चर्चा की गई, जिसे ईवाई के उद्योग विशेषज्ञ द्वारा संचालित किया गया था। प्रतिभागियों ने प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना, आपूर्ति श्रृंखला ट्रैकिंग, उपभोक्ता विश्लेषण, ग्राहक सहायता प्रणाली जैसी परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन में डिजिटल की भूमिका पर चर्चा की। नवीन तकनीकों यथा संयंत्रों और पाइपलाइन में डिजिटल ट्विंस और दक्षता में सुधार हेतु कृत्रिम मेधा पर आधारित निर्देशात्मक विश्लेषण और लागत में कमी पर चर्चा की गई।

सफल डिजिटल परिवर्तन के लिए मजबूत साइबर सुरक्षा और पूर्णकालिक सीआईएसओ (मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी) की भूमिका पर जोर दिया गया।

श्री एस वी प्रसाद, कार्यकारी निदेशक (ओ एंड एम-निर्गमित कार्यालय) ने व्यवसाय को डिजिटलीकरण प्रदान करने वाले विशाल मूल्य प्रस्ताव के दोहन की दिशा में सहयोगात्मक रूप से कार्य करने के लिए संगठन में एक सामान्य ग्राउण्ड तैयार करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर माइक्रोसॉफ्ट, एसएएस और सीमेंस के उद्योग विशेषज्ञों ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।